सवारी गाड़ी के चले जाने के बाद यह गाड़ी १३-१५ पर फिर रवाना हुई। इस तरह इस गाड़ी को २ घंटे और ५३ मिनट रुकना पड़ा।

धातु की खराबी के कारण इंजन के साथ वाले डिब्बे का बफर शैक टूट गया, जिससे इंजन अलग हो गया। दुर्घटना का कारण जाहिर था, इसलिये कोई औपचारिक जाच जरूरी नही थी।

(ग) धातु की खराबी से जो टूट-फूट की दुर्घटनाए होती है, उन सब की जाच रेलवे रसायनी और धातुकर्मी (Railway Chemist & Metallurgist) द्वारा की जाती है और फिर ऐसी दुर्घटना न हो, इसके लिये कार्रवाई की जाती है।

चन्दरौली रेलवे दुर्घटना

२०९ श्री रघुनाथ सिह क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या यह सच है कि बुधवार, ३ जुलाई, १९५७ को एक सवारी गाडी उत्तर रेलवे के लखनऊ-सुलतानपुर सैक्शन पर चन्दरौली मे खडी हुई माल गाडी के ब्रेकवान से टकरा गई, जिसके परिणामस्वरूप २३ आदमी घायल हो गये।

(ख) यदि हा, तो दुर्घटना के कारण क्या है, और

(ग) जो व्यक्ति दोषी पाये गये, उनको क्या सजा दी गई ?

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) जी हा, ३५ आदमी घायल हुये जिनमे से शायद एक को गहरी चोट आयी।

(ख) टक्कर की वजह यह है कि गाडी नं० ३ एस० एल० लाइन नं० ३ पर चली गयी, जहां ८०७ अप मालगाडी पहले से खडी थी। इस गाडी के लिये लाइन नं० १ की जगह गलती से लाइन नं० ३ के कांटे लगा दिये गये थे।

(ग) इसका फैसला सरकारी इंस्पेक्टर की अन्तिम रिपोर्ट मिलने पर होगा।

N.E.S. and Community Development Blocks in Madras

210. Shri Tangamani: Will the Minister of Community Development be pleased to state:

(a) the number of National Extension Service and Community Development Blocks operating at present in the State of Madras, District-wise;

(b) the number of Blocks proposed to be opened there during 1957-58;

(c) the total amount spent by the Government of India on these Blocks since 1952; and

(d) the amount proposed to be spent by Government during the year 1957-58?

The Minister of Community Development (Shri S. K. Dey): (a) A statement is laid on the Table. [*See* Appendix I, annexure No 99.]

(b) (i) National Extension Service Blocks—42

(ii) Community Development Blocks (by conversion from National Extension Service)—10

(c) Amount paid to States as Central share of expenditure upto 31st March, 1957 was as under:—

Loan	Rs 209 lakhs.
Other than loan	Rs 246 lakhs.

(d) Budget provision for Central Government's share of expenditure for 1957-58 is under:—

Loan	Rs 76.8 lakhs.
other than loan	Rs 89 6 lakhs.

माल के डिब्बों का पटरी से उतर जाना

२११ श्री रघुनाथ सिह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि १० जुलाई, १९५७ को प्रात. लगभग ७-४५ बजे तिनसुकिया माल गाडी के २८ डिब्बे पाण्डु क्षेत्र में